# झुग्गियों में ओपन एयर क्लास के बच्चों ने मनाया योग दिवस







भिवाड़ी टाइम्स

ओशी फाउंडेशन द्वारा संचालित ओपन एयर क्लास के बच्चों ने योग दिवस का उत्साहपूर्वक आयोजन किया। फेस 3, सेक्टर 2 और मनसा चौक की झुग्गियों में रह रहे बच्चों ने मिलकर योग किया और इस आयोजन में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर ओशी फाउंडेशन के संस्थापक, विवेक शर्मा ने सभी बच्चों को योग दिवस की बधाई दी और योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि योग न केवल चिंता और तनाव को कम करता है, बल्कि यह शारीरिक और मानसिक कल्याण में भी सुधार करता है। योगा करने से सभी बच्चों ने खुद को तरोताजा और ऊर्जावान महसूस किया। फाउंडेशन के ओपन एयर क्लास में नियमित रूप से पढ़ाई शुरू होने से पहले बच्चों के लिए फिजिकल ट्रेनिंग क्लास होती है, लेकिन योग दिवस का महत्व विशेष होता है। इस दिन की शुरुआत योगा क्लास से की गई और इसके बाद बच्चों ने अपने नियमित पाठ्यक्रम के अनुसार पढ़ाई की। संस्था का यह प्रयास सराहनीय है, जिससे न केवल बच्चों की शिक्षा पर ध्यान दिया जा रहा है बल्कि उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का भी ख्याल रखा जा रहा है। सभी बच्चों ने योग दिवस के इस कार्यक्रम को बहुत एन्जॉय किया और आगे भी नियमित रूप से योग करने का संकल्प लिया।

## योग दिवस पर पीजी कॉलेज में आयोजित हुआ



# एकलव्य स्टेडियम में हजारों लोगों ने किया योग





# सेवानिवृत्ति होने पर गुप्ता का किया अभिवादन









भिवाड़ी टाइम्स

ओशी फाउंडेशन की पूरी टीम के साथ लगभग सभी सेक्टर वासियों ने गिरिराज गुप्ता मकान नंबर 9/158 का सेवानिवृत्ति कार्यक्रम मनाया।गुप्ता बीकेटी चोपनकी से रिटायर्ड हुए हैं। गुप्ता का सभी सेक्टर वासियों ने धूमधाम से नाचते गाते हुए स्वागत किया। घर पहुंचने पर साफा पहनाकर एवं पुष्प माल्यार्पण द्वारा उनका अभिवादन किया। गुप्ता जैसे निस्वार्थ सेवाभावी, कर्मयोगी और धर्म प्रेमी सज्जन का मार्गदर्शन एवं प्रेरणा सदैव मिलती रही है, एवं आगे भी इसी प्रकार मिलती रहेगी। गुप्ता के सेवा भाव की सभी ने प्रशंसा की, उनके शानदार कार्यकाल के लिए सहयोगी सहकर्मियों ने आभार प्रकट किया। सभी ने मिलकर उत्साह पूर्वक उनके बेहतर स्वास्थ्य की शुभकामनाएं प्रकट की। सभी सेक्टर वासियों व साथियों ने इस कार्यक्रम को एक उत्सव के रूप में मनाया।

# रोज़ी शर्मा को राष्ट्रीय अटल सम्मान से किया सम्मानित



## गोद लिए नमन होटल ट्राईएंगल का उद्घाटन

भिवाड़ी टाइम्स







इनर व्हील क्लब अलवर द्वारा आयोजित बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की मीटिंग में अलवर के चहुँमुखी विकास में सहयोग देने हेतु उसके सौन्दर्यकरण में सहयोग करने का निर्णय लिया गया था, नगर विकास न्यास को एप्लीकेशन देकर नियमानुसार नमन होटल ट्राईएंगल हनुमान चौराहे की तरफ वाला गोद लिया गया इनरव्हील क्लब अलवर की अध्यक्ष अल्का मित्तल ने बताया कि इनरव्हील क्लब अलवर द्वारा परमानेन्ट प्रोजेक्ट के तहत गोद लिए नमन होटल ट्राईएंगल को गोद लेकर उसका सौन्दरीकरण करके 20 जून को मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलेक्टर बीना महावर द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया।इस मौके पर क्लब की पी.डी.सी. पुष्पा गुप्ता, अध्यक्ष अल्का मित्तल, सचिव शारदा कटारिया, कोषाध्यक्ष अंजना सहाय, पूर्व अध्यक्ष नीलू जैन, अंजलि गुप्ता, दया गर्ग, डॉ. अंजना अनिल, सुमेधा गुप्ता, सुमित्रा सिंह, बबीता खण्डेलवाल, डॉ. सरोज रावत, डॉ. कुमकुम खण्डेलवाल सहित बड़ी संख्या में क्लब सदस्या उपस्थित रही।



# पर्यावरण दिवस पर जागरुकता रैली निकाली, प्रतियोगिताएं हुई



भिवाड़ी. पर्यावरण दिवस पर रैली निकालते हुए नप कर्मचारी।

**भिवाड़ी।** बुधवार को विभिन्न सरकारी विभागों की ओर से जागरूकता कार्यक्रम हुए। नगर परिषद की ओर से पर्यावरण के लिए जागरूकता रैली शहर के प्रमुखों मार्गों से होते हुए निकाली गई। रैली को नगर परिषद सभापति शीशराम तंवर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली भिवाड़ी मोड़, सेंट्रल मार्केट, नीलम चौक, गौरव पथ से होते हुए नप कार्यालय पर सम्पन्न हुई। इस दौरान प आयुक्त रामकिशोर मेहता, एक्सईएन धर्मवीर यादव, एईएन अंकित श्रीवास्तव, यशपाल चौधरी, दिनेश सैन, कर्मज़ीत आदि मौजूद रहे। राजस्थान हाउसिंग बोर्ड कार्यालय के परिसर में कर्मचारियों ने पौधारोपण किया। इस दौरान अधिशासी अभियंता पीएल मीना, एईएन शिखा माथुर, प्रवीण शर्मा, अनिल कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। राजकीय कन्या महाविद्यालय की ओर से पर्यावरण जागरूकता के लिए चित्रकला प्रतियोगिता हुई जिसके विजयी छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए गए। इस मौके पर महाविद्यालय परिसर में क्षेत्रीय अधिकारी अमित शर्मा, प्राचार्य रश्मि पारीक ने पौधारोपण किया। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल व भिवाड़ी जल प्रदूषण निवारण एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण जागरूकता कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। इस दौरान पर्यावरण के संरक्षण के लिए जल व वायु प्रदूषण नियंत्रण की उन्नत तकनीक, सीईटीपी जेडएलडी प्लांट के संबंध में उद्योगों के प्रतिनिधियों को प्रेजेंटेशन के माध्यम से जागरूक किया गया। वहीं ओसी फाउंडेशन एवं पैराकोट प्रोडक्ट्स की ओर से औद्योगिक क्षेत्र चौपानकी व यूआईटी सेक्टर 9 में पौधे लगाए गए। इस दौरान विवेक शर्मा, प्रमोद शर्मा, राम अवतार प्रजापत, केशव, देवेंद्र यादव, जयप्रकाश, पंकज, प्रदीप, शंकर, ललित, ज्योति, इमा शान, विजयपाल यादव, सुशील अग्रवाल आदि मौजूद रहे।




भिवाड़ी. आशियाना आंगन में योग करती महिलाएं।


भिवाड़ी. आशियाना बगीचा में योगाभ्यास करते हुए लोग।


तिजारा. योग दिवस पर योग करते लोग।


कोटकासिम. योग दिवस पर योग करती महिलाएं।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर खैरथल-भिवाड़ी जिले में विभिन्न स्थानों पर अधिकारियों-कर्मचारियों व आमजन ने किए योगाभ्यास

# करो योग रहो निरोग के संदेश के साथ योगासन किए, स्वस्थ रहने के गुर सीखे

भास्कर न्यूज | खैरथल

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पीरन श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खैरथल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर डॉ. अर्तिका शुक्ला ने कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले सभी लोगों के साथ योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास किया। प्रारंभ में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। से भाग लेने वाले सभी लोगों को छाछ का वितरण कराया गया। जबकि फोटो सेल्फी पोज स्टैंड आकर्षण का केंद्र रहा। योग कार्यक्रम के दौरान एडीएम सुरेंद्र यादव, एस सी धर्मेंद्र यादव, नगर परिषद कमिश्नर स्याम बिहारी गोयल, टिल्लू शर्मा, ओमप्रकाशमधु, प्रधान बीपी सुमन, अध्यक्ष सर्वेश गुप्ता, संजय महावर, गोपाल गुप्ता, सुरेश बम्बोरा, अशोक गुप्ता, मुकेश कक्कड़, प्रधान तिवारी, हिमांशु शर्मा, गेलू गुप्ता, मोहन पोपटानी, विनोद कलेचा, मनीष शर्मा आदि मौजूद रहे।

जैन, देवकी तंवर, डॉ. प्रमोद बेदी सहित अन्य मौजूद रहे। इधर शहर की स्याम वाटिका में शहरवासियों ने योगाभ्यास किया। भाजपा मंडल भिवाड़ी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में योग गुरु सुभाष जिंदल ने योगासन सिखाए। इस दौरान मंडल अध्यक्ष पवन सिंह चौहान, जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा बृजमोहन तंवर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष चित्रा शर्मा, अयूब खान, कंचन तिवारी, मनजीत, पार्षद मोहनलाल, वीरपाल चंदेला, लक्ष्मी, विजया, विनोद शाह, अजमेर सिंह, राधेश्याम आदि मौजूद

शर्मा ने सभी बच्चों को योग का अभ्यास कराया। इसी प्रकार शहर की निमाई ग्रीन सोसाइटी में योग दिवस रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा मनाया गया। शहर के राजकीय कन्या कॉलेज में विश्व योग दिवस के अवसर पर योग सत्र और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन और सूर्य नमस्कार जैसे योग किए। दूसरे चरण में दैनिक जीवन में योग का महत्व विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

तिजारा। राजकीय कन्या उच्च ,सहित अन्य विभागों अधिकारी कर्मचारी के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक गण मौजूद रहे। वही, एमएलपी स्कूल तिजारा व मोनी बाबा गौशाला में योग उत्सव मनाया गया।

मुंडावर। पंचायत समिति परिसर में ब्लॉक स्तरीय योग दिवस मनाया गया। आमजन के साथ विभिन्न योगाभ्यास करके योग भगाए रोग का संदेश दिया। अंत में प्रतिदिन योगाभ्यास करने व तंबाकू का सेवन ना करने का संकल्प लिया गया। इस दौरान एसडीएम सुरेन्द्र प्रसाद, तहसीलदार मदन सिंह, विकास अधिकारी सानू अग्रवाल, सुभाष यादव के नेतृत्व में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जिला प्रभारी पतंजलि योग समिति बाबूलाल यादव एवं तहसील युवा पतंजलि प्रभारी शारीरिक शिक्षक राजेन्द्र सैनी द्वारा अधिकारी, कर्मचारियों एवं आमजन को योगाभ्यास कराया गया।

शाहबाद | अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर श्री मोनी बाबा गौशाला एवं आश्रम में गौ सेवकों ने योग शिविर का आयोजन किया। यशपाल आचार्य ने सभी को योग करना सिखाया।


मुंडावर. योग दिवस पर योग करते लोग।


टपूकड़ा. बालिका विद्यालय में योग करते ग्रामीण।







# क्रिकेट टूर्नामेंट युवा खिलाड़ियों का उत्सव और प्रतिभा का है प्रदर्शन

भिवाड़ी टाइम्स

भिवाड़ी के स्पोर्ट्स क्लब, मानव मंगल सेवा समिति और ओशो फाउंडेशन संस्था के सहयोग से एक शानदार क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है, जो हमारे समाज को खेल भावना और एकता की भावना में एक साथ लाने का वादा करता है। यह भव्य आयोजन केवल मैचों की श्रृंखला नहीं है; यह हमारे युवा खिलाड़ियों का उत्सव है, प्रतिभा का प्रदर्शन है, और खेलों की शक्ति का समाज में एकता और व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देने के लिए एक प्रमाण है। क्रिकेट, जिसे अक्सर सज्जनों का खेल कहा जाता है, लोगों को एक साथ लाने, सामाजिक और सांस्कृतिक सीमाओं को पार करने का एक अनूठा तरीका है। यह हमें मूल्यवान जीवन के पाठ सिखाता है टीम वर्क, अनुशासन, धैर्य, और सम्मान। ये वे गुण हैं जिन्हें हम अपने युवा खिलाड़ियों में पोषित करना चाहते हैं, क्योंकि वे हमारे समुदाय और राष्ट्र के भविष्य का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस टूर्नामेंट के माध्यम से, हम न केवल खिलाड़ियों को बल्कि दर्शकों को भी प्रेरित करना चाहते हैं, ताकि वे उस मेहनत और समर्पण की सराहना करें जो एक सफल टीम बनाने में लगता है। समाज में खेलों का महत्व अतुलनीय है। यह शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक कल्याण और सामाजिक कौशल को बढ़ावा देता है। हमारे युवाओं के लिए, खेलों में भाग लेना नेतृत्व गुणों को विकसित करने और आजीवन दोस्ती बनाने का एक अवसर है। यह क्रिकेट टूर्नामेंट हमारे युवा एथलीटों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने और अपनी मेहनत के लिए पहचान प्राप्त करने का एक उत्कृष्ट मंच है। खेला गया हर मैच, बनाए गए हर रन, और लिया गया हर विकेट उनके सपनों और आकांक्षाओं की ओर एक कदम है। हम उन सभी समर्थकों और प्रायोजकों का हार्दिक धन्यवाद करते हैं जिन्होंने इस आयोजन को संभव बनाया है। ओशो फाउंडेशन, अपने सामाजिक कारणों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के साथ, इस भव्य आयोजन का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी भागीदारी समाज में युवा प्रतिभाओं को पोषित करने और विकास के अवसर प्रदान करने के महत्व को रेखांकित करती है। हम उन स्थानीय व्यवसायों, स्वयंसेवकों, और खेल प्रेमियों का भी धन्यवाद करते हैं जिन्होंने इस पहल का समर्थन करने के लिए आगे आए हैं। आपके योगदान, चाहे वे प्रायोजन, संसाधनों, या समय के रूप में हों, अनमोल हैं। आप केवल एक टूर्नामेंट का समर्थन नहीं कर रहे हैं; आप हमारे युवाओं के भविष्य और हमारे समुदाय की भलाई में निवेश कर रहे हैं। जैसे ही हम मैच देखने के लिए इकट्ठा होते हैं, चलिए हर खिलाड़ी के लिए जयकार करें, उनकी क्षमताओं की सराहना करें, और उनके खेल भावना की सराहना करें। हमें याद रखना चाहिए कि हर खेल प्रतिभा, मेहनत, और एकता का उत्सव है। हमारे युवा खिलाड़ियों का समर्थन करके, हम उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा दे रहे हैं और उन्हें मैदान पर और बाहर दोनों जगह महानता की ओर प्रेरित कर रहे हैं। अंत में, यह क्रिकेट टूर्नामेंट आशा और



प्रेरणा का प्रतीक है। यह हमारे जीवन और हमारे समुदाय पर खेलों के सकारात्मक प्रभाव की याद दिलाता है। आइए हम इस भव्य आयोजन को मनाने, अपने युवा खिलाड़ियों का समर्थन करने, और विशेष रूप से ओशो फाउंडेशन को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए आभार व्यक्त करने के लिए एक साथ आएं। मिलकर, हम इस टूर्नामेंट को एक गूंजता हुआ सफल और सभी के लिए एक यादगार अनुभव बना सकते हैं।

एन टी ए के खिलाफ सड़क पर उतरा अभाविप

गौशाला के कार्यों

# गुलाब शीतल जल सेवा स्वच्छता अभियान का संदेश









**भिवाड़ी टाइम्स**

धार्मिक समरसता एवं कल्याणकारी कार्यक्रम संस्था के प्राथमिक उद्देश्य में रहा है। इस तरह के आयोजन से सामाजिक एकजुटता का संदेश मिलता है।
आज ओशी फाउंडेशन द्वारा भिवाड़ी के एसबीआई बैंक के सामने गुलाब शीतल जल वितरण का प्रोग्राम संपन्न किया गया।इस कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, ओशी फाउंडेशन के संस्थापक विवेक शर्मा ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम गर्मियों में चलते ही रहते हैं, जल सेवा तो बड़ा ही पुण्य का काम है, जैसा कि सभी जानते हैं भिवाड़ी में गर्मी बहुत ज्यादा है, और इसमें हम अगर किसी को शीतल जल पिलाकर थोड़ा सा सहयोग कर सके तो हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है, साथ ही उन्होंने यह संदेश दिया कि इंसान को प्यास लगती है, तो वह कह सकते हैं, लेकिन पक्षी बोल नहीं सकते है, तो उनके लिए अपने छत पर पानी जरूर रखें ताकि वो बेजुबान भी अपनी प्यास बुझा सके घ जल वितरण सेवा के साथ स्वच्छता अभियान का संदेश भी दिया, जल वितरण संपन्न होने के बाद रास्ते में जितना भी ग्लास और कचरा था , हमारी टीम ने वह सब एकत्रित करके डस्टबिन में डाले, जिससे कचरा और गंदगी इधर-उधर न फैले। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से ओशी फाउंडेशन के अध्यक्ष विवेक शर्मा , शुभकरण शर्मा, सुशील यादव, प्रमोद शर्मा, राम अवतार प्रजापत, केशव , बीजू भाईजी, मनमोहन राणा, सपना राणा, पंकज, मनोज मुद्गल, प्रदीप (पीकेएसएम) राधेश्याम, दलवीर,राहुल, दिनेश, शंकर, विष्णु शर्मा, अमन, और टीम के सभी सदस्य जो इस आयोजन में उपस्थित रहें।

---

# राष्ट्रीय सेविका समिति प्रबोध शिक्षा वर्ग का समापन:जज़ डॉ चेतना ने कहा- महिलाएं स्वस्थ रहेगी तब समाज स्वस्थ रहेगा

ब्रेकिंग न्यूज़

# Rajasthan News ओसी फाउंडेशन एवं पैराकोट प्रोडक्ट्स ने पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण किया

Indian Crime News · 3 days ago · 17 · Less than a minute



रिपोर्टर शंकर सिंह भिवाड़ी राजस्थान

पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण किया। ओसी फाउंडेशन एवं पैराकोट प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने औद्योगिक क्षेत्र चोपनकी व यूआईटी सेक्टर 9 में वृक्षारोपण किया।



इस कार्यक्रम में ओसी फाउंडेशन से विवेक शर्मा, प्रमोद शर्मा, राम अवतार प्रजापत, केशव जी, पार्षद देवेंद्र यादव जी, जयप्रकाश जी, पंकज, प्रदीप, शंकर तथा पैराकोट प्रोडक्ट्स लिमिटेड से ललित, ज्योति, इमा शान, विजयपाल यादव, सुधीर अग्रवाल, जयंत कुमार, प्रशांत फलारिया, कुलदीप यादव, अपूर्वा, आशीष विश्वास, अंकुर, संजय, आदर्श, दीपक, जयदेव, अरविंद हल्दिया और रंजीत जी मौजूद रहे।




सभी कर्मचारियों व कार्यकर्ताओं ने लगाए गए वृक्षों की देखभाल का जिम्मा लिया। ओसी फाउंडेशन के साथ पैराकोट इसी [illegible] अधिक वृक्ष औद्योगिक क्षेत्र भिवाड़ी में लगाएंगे।

Advertisment

Post sidebar

Anti Corruption Hindi News Channal
NEWS
INDIAN CRIME

Weather

DELHI WEATHER
35°C haze

| | | |
|---|---|---|
| Saturday | 44°C | 37°C |
| Sunday | 45°C | 34°C |
| Monday | 46°C | 30°C |
| Tuesday | 43°C | 37°C |
| Thursday | 44°C | 36°C |
| Friday | 44°C | 30°C |

Latest News


Rajasthan News कलक्टर ने किया सहायक अभियंता कार्यालय का औचक निरीक्षण, अनुपस्थित कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी
15 hours ago


Uttar Pradesh News पूर्व थानेदार रामाश्रय सिंह समेत तीन लोगो पर दर्ज हुआ मुकदमा
15 hours ago


Jharkhand News पत्नी अपने पति की दीर्घायु और सुखद वैवाहिक जीवन के लिए वट सावित्री पूजा कर रही थी,इधर पति फाँसी लगा कर आत्महत्या किया
15 hours ago


Jharkhand News एबीवीपी
Jharkhand News एबीवीपी ने की कतरास कॉलेज में कॉमन रूम की मांग
15 hours ago


Jharkhand News कतरास क्षेत्र में बृहस्पतिवार को वट सावित्री पूजा का आयोजन हुआ।
15 hours ago

Categories

› ब्रेकिंग न्यूज़ 21,[illegible]
› राज्य [illegible]
› उत्तरप्रदेश 7,026
› लखनऊ 1

ऑनलाइन रिपोर्टर बनें
अपना आईडी कार्ड/ नियुक्ति पत्र प्राप्त करें
अभी अप्लाई करें

# ओसी फाउंडेशन एवं पैराकोट प्रोडक्ट्स ने पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण किया



पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण किया। ओसी फाउडेशन एवं पैराकोट प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने औद्योगिक क्षेत्र चोपनकी व यूआईटी सेक्टर 9 मे वृक्षारोपण किया।

इस कार्यक्रम मे ओसी फाउंडेशन से विवेक शर्मा, प्रमोद शर्मा, राम अवतार प्रजापत, केशव जी, पार्षद देवेंद्र यादव जी, जयप्रकाश जी, पकंज, प्रदीप, शंकर तथा पैराकोट प्रोडक्ट्स लिमिटेड से ललित, ज्योति, इमा शान, विजयपाल यादव, सुशील अग्रवाल, जयंत कुमार, प्रशांत फलारिया, कुलदीप यादव, अपूर्वा, आशीष विश्वास, अंकुर, संजय, आदर्श, दीपक, जयदेव, अरविंद हल्दिया और रंजीत जी मौजूद रहे।

सभी कर्मचारियों व कार्यकर्ताओं ने लगाए गए वृक्षों की देखभाल का जिम्मा लिया। ओसी फाउंडेशन के साथ पैराकोट इसी वित्तीय वर्ष में 200 से अधिक वृक्ष औद्योगिक क्षेत्र भिवाड़ी में लगाएंगे।





Viyasmani Tripathi
Cheif editor

ADVERTISE YOUR BUSINESS
APPLY NOW

#ओसी फाउंडेशन एवं पैराकोट प्रोडक्ट्स ने पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण किया

श्री रामेष्ठ हार्डवेयर एण्ड सैनेट्री स्टोर

Follow Us
Follow us on Google News

अपना आईडी कार्ड डाउनलोड करें
DOWNLOAD NOW

WEATHER
35°C
haze

| | | |
|---|---|---|
| Saturday | 44°C | 35°C |
| Sunday | 45°C | 34°C |
| Monday | 46°C | 36°C |
| Tuesday | 43°C | 37°C |
| Wednesday | 44°C | 34°C |
| Thursday | 44°C | 36°C |
| Friday | 44°C | 36°C |

Latest News

तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने पर मिष्ठान वितरण एवं आतिशबाजी कर भाजपा पार्टी

› राजनीति 1,418
› राज्य 4,529
› राजस्थान 2,314
› बालोतरा 595
› भिवाड़ी 530
› बीकानेर 391
› अलवर 416
› खैरथल- तिजारा 286
› जयपुर 118
› बाड़मेर 44
› जोधपुर 9
› कुचामन सिटी 5
› जैसलमेर 5
› हनुमानगढ़ 4
› मेवात 4
› भाकोड़ा 1
› हरियाणा 1,222
› महेंद्रगढ़ 1,119
› रेवाड़ी 21

# भिवाड़ी प्रीमियर लीग प्रतियोगिता में भिवाड़ी स्पार्टन्स ने 73 रन से मैच जीता











**भिवाड़ी टाइम्स**

[illegible] भिवाड़ी प्रीमियर लीग भिवाड़ी स्पोर्ट्स क्लब एवं मानव मंगल विकास समिति द्वारा भिवाड़ी प्रीमियर लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि बीएमए अध्यक्ष जसबीर चौधरी, नीरज झालानी, ग्रीन रूट्स के डायरेक्टर अनूप अरोड़ा, पार्षद अमित नाहटा, सिटी नर्सिंग होम के डायरेक्टर डॉ रूप सिंह, एसएस हॉस्पिटल के डायरेक्टर राजेश यादव सहित आदि मेहमानों ने दीप प्रज्वलित कर क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। इस दौरान विशेष आमंत्रित मेहमान के रूप में वास्तु शास्त्री शशांक कौशिक उपस्थित थे। एवीएशन क्रिकेट ग्राउंड में सोमवार को पहला मैच भिवाड़ी स्पोर्ट्स क्लब एवं भिवाड़ी स्पार्टन्स के बीच खेला गया। भिवाड़ी स्पार्टन्स ने टॉस जीतकर पहले खेलते हुए 20 ओवर में 6 विकेट खोकर सिर्फ 178 रन बनाए। जिसके जवाब में भिवाड़ी स्पोर्ट्स क्लब की टीम ने ऑल आउट होकर 105 रन बनाए। भिवाड़ी स्पार्टन्स 73 रन से मैच जीता है।

भिवाड़ी स्पोर्ट्स क्लब एवं मानव मंगल विकास समिति
BPL 2024
OPEN CRICKET TOURNAMENT
SAI FAST FOOD
Khandelwal Agencies
NCR's Largest Industrial Electrical House in Bhiwadi
BHIWADI | DELHI | NEEMRANA
OSHI Foundation
UK Sports
HOTEL ULTIMAA
(Managed By - Unistar Ventures)
THE BANSAL RESTAURANT
Delicious Food For You
Opposite Geetanjali Hospital, Mansa Chowk, Bhiwadi (Raj.)
DR. TRAPTA GUPTA
Skin & Hair Clinic
GREENROOTS
Renewable Energy Pvt. Ltd.
Soma Travel World
SITARAM
SWEETS & CATTERS
24 NETWORK GROUP
90.8 FM 24
MANAV MANGAL VIKAS SAMITI

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रमोद खान के द्वारा स्वस्तिक प्रिन्टर्स, 111, नवाब कल्लन का बाग, एम.एस.ए. वर्कशॉप, निकट समाचार जगत, एम.आई. रोड, जयपुर से मुद्रित एवं वार्ड नं. 4, मोहल्ला रोड, दयानगर, तह. किशनगढ़बास, जिला अलवर, (राज.) से प्रकाशित। संपादक प्रमोद खान। मो. नं. 9781001786, ईमेल bhiwaditimes.news@gmail.com I R.N.I. No. RAJHIN/2015/62588 "पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार"/किसी भी वाद विवाद की स्थिति में समस्त न्यायिक क्षेत्र किशनगढ़बास होगा।

ऑनलाइन रिपोर्टर बनें
अपना आईडी कार्ड/ नियुक्ति पत्र प्राप्त करें
अभी अप्लाई करें



# ओशी फाउंडेशन और विश्व हिंदू परिषद द्वारा झुग्गियों में मुफ्त मेडिकल कैंप का आयोजन

Viyasmani Tripathi · 5 mins ago · 6 · 1 minute read



ओशी फाउंडेशन और विश्व हिंद्र परिपद (विहिप) के भिवाड़ी प्रखंड द्वारा सेक्टर 2 यूआईटी की गरीब बस्तियों में मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य झुग्गियों में रहने वाले लोगों को चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना था।

इस अवसर पर डॉक्टर सतीश तंवर, डॉक्टर जनार्दन जी और अन्य डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ का पैनल उपस्थित रहा। लगभग 125 मरीजों की शुगर और बीपी की जांच की गई और उन्हें आवश्यक दवाइयां दी गईं। इसके साथ ही, ORS के पैकेट और अन्य दवाओं का भी वितरण किया गया। बच्चों को फल वितरित किए गए ताकि उनके स्वास्थ्य में सधार हो सके।

इस चिकित्सा शिविर में स्थानीय समाजसेवकों और संगठन के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रमुख अतिथियों में प्रखंड अध्यक्ष देवेन्द्र यादव, जिला संपर्क प्रमुख गिरिराज प्रसाद गुप्ता, जिला सह मातृशक्ति संयोजिका देवकी तंवर, उपाध्यक्ष राजेश यादव, मंत्री सचिन राय और ओशी फाउंडेशन के डायरेक्टर विवेक शर्मा शामिल थे। इसके अलावा सीमा, शंकर सिंह और अन्य विहिप कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

यह चिकित्सा शिविर ओशी फाउंडेशन के "ओपन एयर क्लास" कार्यक्रम का हिस्सा था, जिसमें झुग्गियों में रहने वाले बच्चों और परिवारों को शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। इस शिविर ने समुदाय के लोगों को उनकी बीमारियों के समाधान के बारे में जागरूक किया और उन्हें मुफ्त चिकित्सा सहायता प्रदान की।

ओशी फाउंडेशन और विहिप का यह प्रयास सराहनीय है, जो समाज के वंचित वर्गों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने का कार्य कर रहा है। भविष्य में ऐसे और भी शिविर आयोजित किए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके।





**Viyasmani Tripathi**
Cheif editor

Advertisment

श्री रामेष्ठ हार्डवेयर एण्ड सेनेट्री स्टोर
7905520826, 7375795008

श्री रामेष्ठ हार्डवेयर एण्ड सेनेट्री स्टोर
7905520826, 7375795008

Follow Us

Follow us on Google News

Weather

DELHI WEATHER
34°C
haze

| | | |
|---|---|---|
| Monday | [illegible] | [illegible] |
| Tuesday | 41°C | [illegible] |
| Wednesday | 33°C | [illegible] |
| Thursday | 32°C | [illegible] |
| Friday | [illegible] | [illegible] |
| Saturday | 31°C | [illegible] |
| Sunday | [illegible] | [illegible] |

Latest News


ओशी फाउंडेशन और विश्व हिंद्र परिषद द्वारा झुग्गियों में मुफ्त मेडिकल कैंप का आयोजन
5 mins ago


मनुमुक्त ट्रस्ट नारनौल ने किया जादूगर-सम्राट शंकर को सम्मानित
9 mins ago


मानवता की मिसाल कायम करने वाली विरल शख्सियत थे डा.माहर सिंह:- बाठिया
13 mins ago


आम आदमी पार्टी प्रदेश संगठन मंत्री हरियाणा पवित्र सिंह मटरू के बदलाव जन संवाद कार्यक्रम में उमड़ा जन सैलाब
1 hour ago



स्थानीय नेता कोई सुध लेने वाला नहीं है, घटना की सूचना मिलने पर अधिकारी मौके पर पहुंचकर समझाइश कर रहे हैं।





मरूधर आवाज

खैरथल तिजारा (रवि दामवानी)। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर एवं श्रीमान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अलवर डॉ योगेंद्र शर्मा के निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत आज भिवाड़ी कस्बे ... सरसों तेल का नमूना जांच हेतु लिया गया एवं ... गया। करीब 10 किलो पनीर एवं 10 लीटर ... खाद्य सुरक्षा अधिकारी जयसिंह यादव एवं केशव गोयल मौजूद रहे।

## विश्व चिकित्सक दिवस पर हुआ पौधरोपण, दिया हरे भरे पर्यावरण का संदेश

मरूधर आवाज



मोहम्मद नईम/ ब्यूरो चीफ

जयपुर। प्रथम, 01 जुलाई को पूरे विश्व में चिकित्सक दिवस मनाया जाता है डाक्टर्स डे पर इस वर्ष की थीम हीलिंग हैंड्स, केयरिंग हार्ट्स (डॉक्टरों के समर्पण और करुणा पर जोर देता है) के रखी गई है इस मौके पर जिले में पौधरोपण कर स्वस्थ व स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दिया गया।

पौधारोपण कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक जयपुर जोन डॉ. नरोत्तम शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत समेत कई अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि सोमवार 01 जुलाई को पूरे विश्व मे चिकित्सक दिवस मनाया जाता है इस वर्ष की थीम हीलिंग हैंड्स, केयरिंग हार्ट्स (डॉक्टरों के समर्पण और करुणा पर जोर देता है) के अनुसार जिले के सभी चिकित्सालयों मे विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हुआ साथ ही निदेशालय से प्राप्त निर्देशानुसार सीएमएचओ कार्यालय समेत सभी संस्थानों पर पौधारोपण किया गया।

# झुग्गियों में मुफ्त मेडिकल कैंप का आयोजन

मरूधर आवाज



खैरथल, (रवि दामवानी)। भिवाड़ी में ओशो फाउंडेशन और विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के भिवाड़ी प्रखंड द्वारा सेक्टर 2 यूआईटी की गरीब बस्तियों में मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य झुग्गियों में रहने वाले लोगों को चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना था। इस अवसर पर डॉक्टर सतीश तंवर, डॉक्टर जनार्दन जी और अन्य डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ का पैनल उपस्थित रहा। लगभग 125 मरीजों की शुगर और बीपी की जांच की गई और उन्हें आवश्यक दवाइयां दी गईं। इसके साथ ही, ओआरएस के पैकेट और अन्य दवाओं का भी वितरण किया गया। बच्चों को फल वितरित किए गए ताकि उनके स्वास्थ्य में सुधार हो सके। इस चिकित्सा शिविर में स्थानीय समाजसेवकों और संगठन के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रमुख अतिथियों में प्रखंड अध्यक्ष देवेन्द्र यादव, जिला संपर्क प्रमुख गिरिराज प्रसाद गुप्ता, जिला सह मातृशक्ति संयोजिका देवकी तंवर, उपाध्यक्ष राजेश यादव, मंत्री सचिन राव और ओशो फाउंडेशन के डायरेक्टर विवेक शर्मा शामिल थे। इसके अलावा सोमा, शंकर सिंह और अन्य विहिप कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। यह चिकित्सा शिविर ओशो फाउंडेशन के ओपन एवं करुणा कार्यक्रम का हिस्सा था, जिसमें झुग्गियों में रहने वाले बच्चों और परिवारों को शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। इस शिविर ने समुदाय के लोगों को उनकी बीमारियों के समाधान के बारे में जागरूक किया और उन्हें मुफ्त चिकित्सा सहायता प्रदान की। ओशो फाउंडेशन और विहिप का यह प्रयास सराहनीय है, जो समाज के वंचित वर्गों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने का कार्य कर रहा है। भविष्य में ऐसे और भी शिविर आयोजित किए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके।



## सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को एसपी ने दी विदाई



## नगर पालिका के बगल की रोड खस्ताहाल, जरा सी बरसात में नाला सफाई की खुल गई पोल



## बाराबंकी सांसद तनुज पुनिया पूर्व सांसद पी0 एल0 पुनिया का पंजरौली सैदनपुर में हुआ जोरदार स्वागत



## अवैध रूप से संचालित है नमकीन फैक्ट्री

## झुग्गियों में मुफ्त मेडिकल कैंप का आयोजन





भिवाड़ी टाइम्स

## दोस्त ने ही रची थी युवक के किडनैप की साजिश

BASTI TIMES 24 NEWS
जनता की आवाज़

ऑनलाइन रिपोर्टर बनें
अपना आईडी कार्ड/ नियुक्ति पत्र प्राप्त करें
अभी अप्लाई करें



# आशियाना तरंग सोसाइटी में मुफ्त चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन

Vlyasmani Tripathi · 15 hours ago · 19 · 1 minute read



न्यू स्टार हॉस्पिटल तथा ओशी फाउंडेशन के संयोजन में आज आशियाना तरंग सोसाइटी में मुफ्त चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें तरंग RWA अध्यक्ष भगत सिंह जी को माल्यार्पण कर शिविर का शुभारंभ किया गया। इस शिविर में तरंग RWA द्वारा शानदार आयोजन में 300 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिया। ओशी फाउंडेशन से श्री विवेक शर्मा जी ने सभी का हृदय से धन्यवाद करते हुए बताया कि इस तरह का कैंप शहर के अन्य स्थान पर भी आयोजित किए जाएंगे, जागरूकता और स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से सभी ने इस कार्यक्रम की प्रशंसा की। न्यू स्टार हॉस्पिटल के सहसंयोजक श्री दीपक जी ने बताया की सामाजिक स्तर पर कार्य कर रही संस्था ओशी फाउंडेशन की ओर से आयोजित इस कैंप में सभी लाभार्थियों को भविष्य में आवश्यक जांच आदि में स्टार हॉस्पिटल की तरफ से 50% की चिकित्सीय छूट दी जाएगी। शिविर में उपस्थित हवा सिंह जी, रवि रिंगे जी, मनोहरलाल शर्मा डॉ. कुशल वीएमएस गाइनो डॉ. स्मृति वीएमएस, खुशबू शेखावत, आई स्पेशलिस्ट शिवदत्त रावत जी, पंकज मनोज, शंकर सभी उपास्थि रहे। सभी नर्सिंग और अन्य स्टाफ का धन्यवाद करते हुए सेक्रेटरी श्री अलोक मिश्रा जी ने सोसाइटी RWA की ओर से न्यू स्टार हॉस्पिटल तथा ओशी फाउंडेशन का धन्यवाद किया।













Advertisment

श्री रामेष्ठ हार्डवेयर
एण्ड सेनेट्री स्टोर
7905520826, 7275795008

श्री रामेष्ठ हार्डवेयर
एण्ड सेनेट्री स्टोर
7905520826, 7275795008

Follow Us

Follow us on Google News

Download Card

अपना आईडी कार्ड डाउनलोड करें
DOWNLOAD NOW

Weather

DELHI WEATHER
28°C
mist

| | | |
|---|---|---|
| Monday | [illegible] | [illegible] |
| Tuesday | [illegible] | [illegible] |
| Wednesday | 39°C | [illegible] |
| Thursday | 40°C | [illegible] |
| Friday | 37°C | [illegible] |
| Saturday | 37°C | [illegible] |
| Sunday | [illegible] | [illegible] |

भिवाड़ी. थड़ा स्कूल में पौधरोपण करते बच्चे व अन्य लोग।

**भिवाड़ी|** थडा गांव के सरकारी स्कूल में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष शीला चौहान के व स्कूल संस्था प्रधान प्रीतम चंद के नेतृत्व में 40 पौधे लगाए गए। पालन पोषण की जिम्मेदारी शीला चौहान, प्रीतम चंद, हनुमान व सुरेंद्र ने ली। इस दौरान शैली, रुबीना मौजूद रहे।



किशनगढ़बास. पौधरोपण करते लोग।

**किशनगढ़बास|** गांव बोलनी के सरकारी स्कूल और पावटा मंदिर परिसर में 200 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में ओरियंट सिंटेक्स के प्रबंध निदेशक हरीराम शर्मा और सामाजिक संगठन ओशी फाउंडेशन द्वारा संपन्न किया गया। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुभाष यादव और महाराज लाल गिरी ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर पौधों का नामांकन किया। इस दौरान प्रदीप यादव, प्रमोद शर्मा, राम अवतार प्रजापत, केशव, अमन, शंकर, अंशुमन, राहुल, राजेश, सिद्धांत मौजूद रहे।



टपूकड़ा. पौधरोपण करती छात्राएं व महाविद्यालय स्टाफ।

**बहरोड़@पत्रिका.** क्षेत्र के महाराजा पीजी महिला महाविद्यालय भगवाडी कलाँ में गुरुवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। निदेशक कंवर सिंह यादव ने स्वयंसेविकाओं को कम से कम एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया। इधर क्षेत्र के गाँव गोलावास में युवाओं ने 521 पौधे लगाकर उनकी देखभाल का संकल्प लिया। इस दौरान प्रविन्द यादव,नितेश यादव, मोनू यादव,प्रवीण यादव सहित युवा उपस्थित रहे।



**नीमराणा@पत्रिका.** क्षेत्र के सिरयानी स्थित बीआर महिला महाविद्यालय में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय निदेशक ओमप्रकाश शर्मा, संचालक सुशांत शर्मा, प्राचार्या डॉ संगीता यादव, उपप्राचार्य योगेश चौहान, प्रवक्ता राजेन्द्र लाम्बा, ऋषिराज, यशपाल वर्मा, संगीता, सरिता सहित छात्राओं ने पौधे लगाकर उनकी देखरेख का संकल्प लिया।



**भिवाड़ी@पत्रिका.** बोलनी गांव तिजारा स्थित सरकारी स्कूल और पावटा मंदिर परिसर में गुरुवार को 200 पेड़ लगाए गए। ओरियंट सिंटेक्स और ओशी फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से पौधारोपण हुआ। मंदिर अध्यक्ष सुभाष यादव और महाराज लाल गिरी ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर पौधों का नामांकन किया। इस मौके पर प्रदीप यादव, प्रमोद शर्मा, राम अवतार प्रजापत, केशव, अमन, शंकर, अंशुमन, राहुल, राजेश और सिद्धांत उपस्थित रहे।

नवानयुक्त छात्र प्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। अलंकरण समारोह का शुभारंभ स्कूल की ईडी तापती चटर्जी ने किया। विभिन्न सदनों के छात्र प्रतिनिधियों को सदन का विद्यालय के प्रधानाचार्य पीके साजू ने नवनिर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को शपथ दिलाई। इस मौके पर हेडमिस्ट्रेस आशा बोस जसवंत सिक्का, आभा शर्मा आदि मौजूद रहे।

# निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



भिवाड़ी. शिविर में मौजूद चिकित्सक व स्टाफ।

भिवाड़ी| ओशी फाउंडेशन की ओर से यूआईटी सेक्टर 9 में रविवार निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। ओशी फाउंडेशन के विवेक शर्मा ने बताया कि निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में करीब 330 लोगों की जांच की गई। कैंप में ओशी फाउंडेशन के सभी कार्यकर्ता व न्यू स्टार हॉस्पिटल के डॉक्टर व नर्सिंग स्टाफ की टीम के सदस्य मौजूद रहे।

# सुरेन्द्र बने धानका समाज के अध्यक्ष

# भजन संध्या में उमड़े लोग



**कोटकासिम@ पत्रिका.** पवित्र मनन दीप सत्संग सेवा संस्थान कोटकासिम में भूतेश्वर मंदिर के प्रांगण में गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान सत्संग सचिव संस्कार उर्फ गोली प्रजापत एवं पवन योगी ने सुंदर गुरु महिमा के भजनों की प्रस्तुति दी। सभी भक्तों ने गुरुदेव भास्कर भारद्वाज का पूजन आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरुदेव ने कहा गुरु जहां शिष्यों को ज्ञान और भक्ति की ओर ले जाकर मोक्ष देते हैं। वही शिष्यों को भी अनुशासन में रहकर समर्पण रखकर गुरु आदेश का पालन करना चाहिए। गुरुदेव ने सभी के लिए विशेष प्रार्थना करके आशीर्वाद दिया। इस दौरान पवित्र मनन दीप के हीरालाल लखेरा, दुर्गेश उर्फ चिंटू योगी सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# चिकित्सा शिविर में नि :शुल्क जांचा स्वास्थ्य



**भिवाड़ी @ पत्रिका.** कस्बे के यूआईटी सेक्टर 9 में रविवार को ओशी फाउंडेशन के तत्वावधान में रविवार को निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में 330 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। इस सफल आयोजन के लिए ओशी फाउंडेशन के संस्थापक विवेक शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# उत्तरांचल समाज समिति और ओशी फाउंडेशन का वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न

भिवाड़ी टाइम्स

भिवाड़ी। उत्तरांचल समाज समिति और ओशी फाउंडेशन द्वारा आज प्रातः 10 बजे से आयोजित "एक पेड़ माँ नाम" कार्यक्रम के अंतर्गत रिमझिम बारिश में भीगते हुए वृक्षारोपण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करना था। समिति के अध्यक्ष हीरा बल्लभ मिश्रा और संरक्षक मदन सिंह, हंसा दत्त शर्मा के नेतृत्व में, समाज के जागरूक और सक्रिय सदस्यों ने समिति कार्यालय 7/424 और यूआईटी सेक्टर 9 के गणेश पार्क में वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम में ओशी फाउंडेशन के प्रतिनिधि विवेक शर्मा, गिरिराज गुप्ता, पंकज, सुधीर, शंकर, और अन्य सम्माननीय व्यक्तियों की उपस्थिति रही। इस पहल ने न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को प्रेरित किया, बल्कि समाज में हरित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी उठाया। बारिश की बूंदों के बीच वृक्षारोपण करते हुए सभी ने पर्यावरण संरक्षण और मातृ सम्मान की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम उठाया। इस अवसर पर अशोक, फाइकस, मोरपंखी, अमरूद, आम, बेल पत्री, शहतूत, जामुन, और कदंब जैसे विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए।





विजय हॉस्पिटल

Prop. Sitaram Swami 9416347063, 7206363038 7056346762

भिवाड़ी टाइम्स
रविवार 09 जून , 2024

# ओसी फाउंडेशन एवं पैराकोट प्रोडक्ट्स ने किया पौधारोपण



**भिवाड़ी टाइम्स**



ओसी फाउंडेशन एवं पैराकोट प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने औद्योगिक क्षेत्र चोपनकी व यूआईटी सेक्टर 9 में पौधारोपण किया। इस कार्यक्रम में ओशी फाउंडेशन से विवेक शर्मा, प्रमोद शर्मा, राम अवतार प्रजापत, केशव, पार्षद देवेंद्र यादव , जयप्रकाश , पंकज, प्रदीप, शंकर तथा पैराकोट प्रोडक्ट्स लिमिटेड से ललित, ज्योति, इमा शान, विजयपाल यादव, सुशील अग्रवाल, जयंत कुमार, प्रशांत फलारिया, कुलदीप यादव, अपूर्वा, आशीष विश्वास, अंकुर, संजय, आदर्श, दीपक, जयदेव, अरविंद हल्दिया और रंजीत जी मौजूद रहे। सभी कर्मचारियों व कार्यकर्ताओं ने लगाए गए वृक्षों की देखभाल का जिम्मा लिया। ओशी फाउंडेशन के साथ पेराकोट इसी वित्तीय वर्ष में 200 से अधिक वृक्ष औद्योगिक क्षेत्र भिवाड़ी में लगाएंगे।

निखिल, बाबूलाल लांबा, अवतार सिंह, श्रवण कुमार आदि मौजूद रहे।

## शिविर में 102 यूनिट किया रक्तदान

भिवाड़ी. कृष सिटी में ओशी फाउंडेशन ने रक्तदान शिविर लगाया। शिविर का शुभारंभ सतवीर चौधरी ने रक्तदान कर किया। आवासीय सोसायटी के निवासियों ने शिविर में बढ़चढ़कर भाग लिया और 102 यूनिट रक्तदान किया। इस अवसर पर ओशी फाउंडेशन से विवेक शर्मा, प्रमोद शर्मा, गिरिराज गुप्ता, गोविंद शर्मा, मनोज, पंकज, नरेंद्र, सुधीर, राम अवतार, शंकर, सीमा, ममता व अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## नौकरी से निकाला तो डिप्रेशन में दे दी जान

**धारूहेड़ा @ पत्रिका.** कस्बे के गांव महेश्ववरी की गोयल कॉलोनी में एक श्रमिक ने डिप्रेशन के चलते

टकासिम| कस्बे में सोमवार को शिव गौरक्ष गोधाम गौशाला में फेंडल मुगल परिवार भिवाड़ी द्वारा गोवंशों के चिकित्सीय उपचार के लिए 11 हजार रुपए की दवाई भेंट की। गौशाला समिति के योगेश अग्रवाल ने बताया कि गोवंशों के चिकित्सीय उपचार के लिए 11 हजार रुपए की दवाएं भेंट की।

# शिविर में 102 यूनिट रक्त एकत्र




टपूकड़ा. रक्तदान करने वालों को प्रमाण पत्र देते संस्था के सदस्य।

टपूकड़ा | कस्बे के हाइवे रोड पर स्थित क्रिस सिटी सोसायटी में ओशी फाउंडेशन और स्टार हॉस्पिटल के सहयोग से मित्रता दिवस के उपलक्ष्य पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 102 यूनिट रक्तदान एकत्रित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सतबीर चौधरी ने रक्तदान कर किया। युवाओं ने रक्तदान करने में अपना सहयोग दिया।

बुक ऑफ द वीक-ऑल द लाइट वी कैनॉट

संचालन माधव बिहारी दास गुप्ता एवं अभिषेक कौशिक ने किया। मुख्य कार्यक्रम के आयोजन के बाद कलक्टर निवास पर एट होम प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर किशनगढ़बास विधायक दीपचंद खैरिया, जिला पुलिस अधीक्षक मनीष चौधरी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीड़ा सलोनी खेमका, खैरथल नगर परिषद सभापति हरीश रोघा, उपखंड अधिकारी किशनगढ़बास मूलचंद लूणिया, नगर परिषद आयुक्त श्याम


क्लासीफाइड Classified





नाम परिवर्तन

**नाम संशोधन**

पुत्र का आठवीं कक्षा की शीट में साहिल यादव व की माता का नाम आशा है। जबकि अन्य वेजों में साहिल कुमार व का नाम आशा हैं। अतः में मेरे पुत्र को साहिल व पुत्र की माता को के नाम से जाना जावें।

रमेश चंद पुत्र रघुवीर सिंह सोनागढ तहसील रामगढ़ जिला अलवर।

न्द्र पुत्र विनोदसिंह जाति व कोलिला जोगा तहसील जिला कोटपुतली-बहरोड़ निवासी हूँ ORIENTAL OF COMMERCE H में BEHROR अकाउंट 0101011601 में एक जिसमे मेरा नाम भूपेन्द्र दर्ज कि गलत है,सही नाम था कि मेरे अन्य दस्तावेजों

प्रॉपर्टी खरीदना

भूमि व भूखण्ड

▪ कालाकुआ हाउसिंग बोर्ड में प्राइम लोकेशन पर 20x50 का खाली भूखण्ड खरीदना है इच्छुक संपर्क करें,8302574202



आवश्यकता

शिक्षक/ट्यूटर

▪ **Required** lady teachers for Class I-V all subject, Sophla Public School, Balla boda, Near HKM Nagar Alwar.8:00- 12:00 noon. ☏9414224136, 9413909633

कार्यालयकर्मी


गण उपस्थित रहे।

**देश की आजादी के जश्न में डूबी उद्योग नगरीः भिवाड़ी.** उद्योग क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस पर सरकारी कार्यालय, स्कूल, सामाजिक संस्थाओं ने झंडारोहण किया। मिठाई वितरित कर देश की आजादी का जश्न मनाया। इस मौके पर वक्ताओं ने देश की आजादी के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले सेनानियों के बलिदान को याद किया, साथ ही देश की आजादी को अक्षुण्ण बनाए रखने का संदेश दिया। पुलिस जिला भिवाड़ी में एसपी ज्येष्ठा मैत्रेयी ने सांथी अधिकारियों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय और रिजर्व लाइन में झंडारोहण किया। बेहतर कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया। रोटरी क्लब ने अजंता चौक पर झंडारोहण किया। इस मौके पर नीरज झालानी, दिनेश गोयल, वीके कपूर, विम्मी कालरा उपस्थित रहे। यूआईटी सेक्टर नौ स्थित गणेश पार्क में स्थानीय लोगों गिर्राज गुप्ता, ठाकुर प्रसाद, तेजप्रताप, सुधीर, पंकज ने ध्वजारोहण

तिरंगा प्रोग्राम का आयोजन किया। जिसमें प्राचार्य अर्चना सूटटा ने विद्यार्थियों को आजादी की महत्ता के बारे में जागरूक किया।

किया। राबाउमा विद्यालय में छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य रितु राणा ने बताया कि सभापति शीशराम तंवर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया। राजपूत सभा ने अरावली विहार में स्वतंत्रता दिवस मनाया जिसमें डीएसपी मुकेश चौधरी, राजकुमार राघव, लाखन राठौड़, रामङ्क्षसह राजावत, लक्ष्मण सिंह, संजीव जादौन उपस्थित रहे।

पवित्र ह्दय एनजीओ ने फूलबाग स्थित अशोक विहार कॉलोनी में मजदूर साथियों के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया। आस्था स्कूल में दिव्यांग बच्चों ने देश की आजादी से जुड़े प्रसंगों पर प्रस्तुतियां दीं। आदर्श विद्या मंदिर यूआईटी सेक्टर पांच में अध्यक्ष हरीराम शर्मा, बुद्धिप्रकाश, प्रधानाचार्य दीपक शर्मा ने झंडारोहण किया।

**किशनगढ़बास.** उपखंड मुख्यालय सहित क्षेत्र में 78 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम मनाया गया। न्यायालय परिसर में अपंर जिला एवं सैशन न्यायाधीश संख्या - 01 प्रशांत चौधरी सहित न्यायिक अधिकारियों ने ध्वजारोहण किया। वहीं उपखंड मुख्यालय पर उपखंड अधिकारी मूलचंद लूनिया ने ध्वजारोहण किया। वहीं पुलिस की टुकड़ी ने झंडे को सलामी दी। बारिश के बीच ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश संख्या -02 जगदीश चंद्र मीणा, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट किशनगढ़ बास सुश्री अंकित सिंघल, सिविल न्यायाधीश

झब्बूराम सैनी ने की। पुलिस टुकड़ी ने गार्ड ऑफ ऑनर एवं मार्च पास्ट के दौरान विद्यार्थियों ने झंडा को सलामी दी। मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण किया। वहीं सरकारी व निजी विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत ए मेरे वतन के लोगो , मेरे देश की धरती आदि गीत प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विधायक ने विकास कार्यों पर प्रकाश डाला गया । उपखंड अधिकारी ने शिक्षा मंत्री का संदेश पढ कर सुनाया ।

एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉ. रिमझिम,पुलिस उपाधीक्षक वृत किशनगढ़ बास राजेंद्र सिंह निरवान, थानाधिकारी थाना किशनगढ़ बास जितेंद्र सिंह शेखावत, अजीत राव अध्यक्ष अभिभाषक संघ किशनगढ़बास आदि न्यायिक कार्मिक मौजूद रहे। इधर, देशभक्ति कें गीतों से गूंजने वाला किशनगढ़बास कस्बे का खेल मैदान स्वतंत्रता दिवस पर सूना रहा। समीपवर्ती ग्राम गंज स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय में झंडारोहण के बाद विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एडवोकेट मुकेश सैनी ने समारोह को संबोधित किया। इस मौके पर बंशीधर सैनी, अशोक सैनी, सुभाष सैनी आदि लोग मौजूद रहे।वहीं ग्राम माहोंद स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भी स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस मौके पर सभी सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों पर ध्वजारोहण किया गया।

**मुंडावर.** आजादी का पर्व कार्यक्रम मुंडावर नगर पालिका कार्यालय पर चेयरमैन गरीमा सोनू भारद्वाज झंडारोहण किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष विजय सांवरिया, माइंस के पूर्व अध्यक्ष बलबीर गुर्जर, पार्षद राधेश्याम, सोनू महावर, सहित पार्षद एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# खुशखेड़ा में आरवीपीएन जीएसएस 220 पावर ट्रांसमिशन पर वृक्षारोपण अभियान सम्पन्न

**भिवाड़ी टाइम्स**




आरवीपीएन जीएसएस 220 पावर ट्रांसमिशन, खुशखेड़ा में ओशी फाउंडेशन के तत्वावधान में वृक्षारोपण अभियान की सफलतापूर्वक सम्पन्नता की घोषणा की गई। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम था। इस अभियान को सफल बनाने में एक्सईएन सुरेश यादव के मार्गदर्शन और सहयोग का विशेष योगदान रहा। ओशी फाउंडेशन के विवेक शर्मा ने अभियान की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा हम मिलकर एक हरा-भरा और स्वस्थ भविष्य की ओर अग्रसर हैं। उन्होंने आरवीपीएन के सभी स्टाफ सदस्यों का उनकी सक्रिय भागीदारी और समर्पण के लिए हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया। 'एक पेड़ मां के नाम' मुहिम के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में स्टाफ से सुरेश यादव, शेखर शर्मा, आर.के. चुग, हरी बाबू शर्मा, हेमंत, भुवनेश, सचिंद्र चौबे और ओशी फाउंडेशन से विवेक शर्मा, गिरिराज गुप्ता, प्रमोद शर्मा, पंकज कुमार, शंकर व प्रदीप की उपस्थिति ने इस अभियान को और भी अधिक सार्थक बना दिया। यह पहल पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने और समाज में हरियाली बढ़ाने के लिए एक प्रेरणादायक कदम साबित होगी।

**All India Media Association**

(Under Operating By AIMAMEDIA Foundation)

**AiMAMEDIA**

HOME ABOUT US MEMBERS COMMITTEE JOIN US MEMBERSHIP GALLERY PROFILE STATUS EDIT PROFILE

Select Language

Translate

Raju Das, Please Select, Rajasthan (RJ)
01/09/2024 05:15 PM

**खुशखेड़ा में RVPN GSS 220 पावर ट्रांसमिशन पर वृक्षारोपण अभियान की सफलतापूर्वक सम्पन्नता**

[illegible]







भिवाड़ी टाइम्स

( रिकूं बड़सीवाल ) नीमराणा। राज सरकार द्वारा विभिन्न विभागों में मूलभूत सुलभ सुविधा प्रदान की जाती है वहीं कस्बे स्थित तहसील पंजीयन कार्यालय परिसर में मूल का अभाव है। जिसमें दूर दराज से आने वाले लोग एवं महिलाओं को यहां ज्यादा समस्या को सामना करना पड़ता है। वॉश बेसन टूटे बंद है। पानी की टंकी नहीं है। परिसर स्थित शौचालय स्टांप पेपर सेलर नोटरी अर्जी ने उसे आदि को तेज बरसात में टीन वगैरा टपकती रहती है नीमराना तहसील उप कार्यालय सबसे ज्यादा राजस्व देता है यहां के कई करोड़ रुपए की जमीन होने के बावजूद भी यहां सुविधा नहीं है।इसके अलावा जो दूर दराज से लोग यहां पर किसी कार्य से आते हैं वह भी काफी परेशान हो जाते हैं।

## क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन

संवाददाता सलीम खान/कामां: कामां में 68 वी राज्य स्तरीय कुश्ती क्रीडा प्रतियोगिता 2024 का आयोजन कामसेन स्टेडियम में 17 सितंबर से 23 सितंबर तक किया जाएगा।उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि विधायक नौक्षम चौधरी रहेंगी। प्रतियोगिता संयोजक नोडल प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह यादव ने बताया कि राजस्थान के पचास जिले और छः एकेडमी की कुल छप्पन टीमों के लगभग दो हजार पहलवानों की विभिन्न किलो भार की ग्रीको रोमन एवं फ्री स्टाइल कुश्तियों का आयोजन गद्दों पर किया जाएगा जिनका प्रसारण विभिन्न यूट्यूब और केबिल चैनलों पर किया जाएगा उद्घाटन समारोह में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकारों द्वारा डांडिया नृत्य, ब्रज की प्रसिद्ध फूलों की होली तथा मयूर नृत्य जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दी जाएगी।

# पांच दिवसीय गणेश महोत्सव धूमधाम से संपन्न

भिवाड़ी टाइम्स

सेक्टर 9 यूआईटी भिवाड़ी में समस्त सेक्टर 9 निवासी व ओसी फाउंडेशन द्वारा पांच दिवसीय गणेश महोत्सव हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। इस तृतीय महोत्सव में सभी भक्तों और कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयास से आयोजन सफल रहा। विसर्जन यात्रा के दौरान मातृशक्ति ने भजन-कीर्तन और नृत्य द्वारा भगवान गणेश को भावपूर्ण नम आँखों से विदाई दी। श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाते हुए अपनी आस्था प्रकट की। महोत्सव के समापन पर भक्तों के बीच केसर युक्त खीर का प्रसाद भंडारे के रूप में वितरण किया गया।जिससे सभी के चेहरे पर प्रसन्नता झलक रही थी।









**सजे गणपति के दरबार: चहुंओर गूंज रहे जयकारे, शाम को कई जगह हुए आयोजन**

# पंडालों में गणपति का हो रहा गुणगान, रात में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भिवाड़ी.** उद्योग नगरी में गणपति उत्सव हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। गणपति पंडाल में सुबह शाम भक्त जन हवन, पूजन एवं आरती कर रहे हैं। वहीं दिन में रामकथा चल रही हैं। आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। सभी जगह सामूहिक सहयोग से आयोजन हो रहे हैं जिससे कार्यक्रम में अलग ही उल्लास का वातावरण छाया रहता हैं। आरएचबी सेक्टर तीन स्थित गणेश मंदिर एवं यूआईटी सेक्टर नौ स्थित पार्क में गणपति का दरबार सजाया गया है। दोनों जगह दिन में रामकथा हो रही हैं। सुबह से शाम तक धार्मिक अनुष्ठान का सिलसिला चलता रहता हैं। देर रात तक धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हो रहे हैं।



## प्रतिमा का किया विसर्जन



**टपूकड़ा @ पत्रिका.** कस्बे की सोसाइटी कृष सिटी फेज 1 आर डब्लूए सदस्य एवं नागरिकों ने सोमवार शाम को बाबा नरसिंह दास आश्रम स्थित जोहड़ के पवित्र जल में गणपति की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव ने बताया कि शनिवार प्रातः कलश यात्रा व विधिवत पूजन के साथ गणपति की स्थापना की गई थी। जिसमें प्रतिदिन दोनों समय आरती व भजन कीर्तन किए जाते थे। रविवार को वच्चों की कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिनमें विजेता बच्चों को उचित पारितोषिक दिए। सोमवार प्रातः पंडाल में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया व आरती के पश्चात प्रसाद वितरित किया गया। शाम 4 बजे धूमधाम से ढोल बाजे के साथ नाचते गाते व रंग गुलाल उढ़ाते स्त्री पुरुष व बच्चे गणपति को जोहड़ में बरस जल्दी आने के वादे के साथ विसर्जित किया गया।

## पहाड़ी वाले हनुमान जी का मेला आज

**खैरथल.** शहर के तीर्थ नगरी के नाम से विख्यात श्री सिद्ध पहाड़ी वाले हनुमान जी महाराज का वार्षिक मेला दस सितंबर को आयोजित किया जाएगा। मंदिर पुजारी चन्द्र लोढ़ा ने बताया की मन्दिर महंत केशवगिरी सहित अन्य संतों के सानिध्य में दस सितंबर मंगलवार को प्रातः नो बजे हवन, ग्यारह बजे से आम भंडारा का आयोजन होगा। हनुमान मंदिर मेला कमेटी के अध्यक्ष लालचंद रोघा ने बताया की मेले के अवसर पर विराट कुश्ती दंगल का आयोजन होगा। जिसमें छोटी बडी एक सो एक कुश्ती होंगी व इकतीस हजार का मुख्य कामड़ा होगा।

# रास्ते में भरा गंदा पानी और कीचड़,

## श्रीश्याम प्रभु खादू वाले का जागरण 14 को

**कोटकासिम @ पत्रिका.** क्षेत्र के गांव पुर में श्री श्याम सेवा कमेटी के







## गणेश महोत्सव शुरूः उल्लास, आस्था और भक्ति का रहा संगम

# विराजे गजानन, श्रद्धाभाव से पूजन, सजाए पांडाल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भिवाड़ी.** उद्योग नगरी में शनिवार को गणेश चतुर्थी धूमधाम से मनाई गई। बप्पा घर-घर विराजे। हर घर में विघ्नहर्ता की जय-जयकार और गुणगान सुनाई दिए। मंदिर, सेक्टर और आवासीय सोसायटी सभी जगह गणपति बप्पा के दस दिवसीय उत्सव का शुभारंभ हर्ष उल्लास से हो गया। विनायक की भक्ति, शक्ति, उपासना और आशीर्वाद के लिए भक्त दस दिन तक व्रत, उपवास और विशेष पूजा अनुष्ठान करेंगे। गणपति को मोदक और फलों का भोग लगाएं। मंदिर और गणपति पंडाल में हवन यज्ञ कर प्रसाद वितरण करेंगे। सुबह-शाम गणपति की आरती और पूजन करेंगे। आरएचबी सेक्टर तीन स्थित गणेश मंदिर में 23 वां उत्सव शुरू हो गया। पहले दिन गणपति की भव्य शोभायात्रा नगर में निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सिर पर कलश रखकर शामिल हुईं। सनातन धर्म सेवा समिति की ओर से आयोजित उत्सव में करुणेश महाराज वृंदावन वाले सात दिवसीय रामकथा करेंगे। यूआईटी सेक्टर नौ स्थित गणेश पार्क में पांच दिवसीय गणेश उत्सव का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर भक्तों ने शोभायात्रा निकाली। संपूर्ण शोभायात्रा मार्ग गणपति की भक्ति में रमा नजर आया। जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई। यात्रा के बाद दोपहर में महिला मंडली ने भजन कीर्तन किया। तीन बजे से गुरू. राजेंद्र प्रसाद ने भक्तों को रामकथा का श्रवण कराया। रंगोली सोसायटी स्थित रामेश्वर धाम मंदिर में भी भक्तों ने गणपति को विराजित किया। इससे पूर्व सोसायटी की महिला श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा में भक्तजन भजनों पर झूमते नजर आए।

### कॉलोनियों में भी रहा उत्साह का माहौल

गणपति के रंग में शहर की मजदूर कॉलोनी भी रंगी नजर आई। यूपी, बिहार, उत्तराखंड, झारखंड सहित प्रदेश के अन्य राज्यों से यहां आकर मजदूरी करने वाले परिवार भी गणेश उत्सव मना रहे हैं। मजदूर कॉलोनियों में दो-तीन फीट की गणेश प्रतिमाएं प्रतिष्ठित की गई हैं।



**भिवाड़ी.** सेक्टर 9 गणेश पार्क में सजा गजानन भगवान का दरबार ।

## घर घर में विराजे गणपति, निकाली शोभायात्रा

**खैरथल.** गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर शनिवार को शहर में गणपति महोत्सव की भारी धूम रही। शहर में अनेकों घरों में पूर्ण विधिविधान से पूजा अर्चना करते हुए गणेशजी की प्रतिमा को स्थापित किया गया। वहीं राजीव बाजार में हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी गणेश महोत्सव मनाया गया। सुबह शहर के प्रमुख मार्गों से भोजपुरी शहनाइयों की मधुर स्वर लहरियो के बीच गणेश भगवान की प्रतिमा को भव्य तरीके से नगर भ्रमण कराया गया। बाद में राजीव मार्केट में प्रतिमा को स्थापित किया गया। शाम को महाआरती में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान सुनील रामेजा, वासदेव दासवानी, ताराचंद गुप्ता, ताना मराठा, केदार गुप्ता, पोपट मराठा, दिलीप तिरथानी, शिवचरण शर्मा, राजेश सोनी, अजय सोनी, नरेश सोनी समेत अनेकों सेवादारों ने व्यवस्था में सहयोग किया।

चूड़ी मार्केट के दुकानदारों पवन झालानी की अगुवाई में भव्य शोभायात्रा निकाली। चालीस फीट रोड़ सहित मेम साहब बुटीक व पीताम्बर दास तिरथानी के यहां भी गणेश विराजित हुए। वहीं शहर की इन्द्रा हैप्पी स्कूल में गणेश की वेशभूषा में बच्चे नजर आए। निदेशक पंकज खुराना ने बच्चों को प्रसाद व इनाम दी।